नईदुनिया

एम्स में एएलटीएस प्रशिक्षण

गंभीर दुर्घटना पीड़ितों के उपचार को मिलेगी नई मजबूती

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गंभीर दुर्घटनाओं और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एम्स 30 जुलाई से 1 अगस्त 2026 तक उन्नत आघात जीवन रक्षक प्रदाता (एडवांस्ड ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट प्रोवाइडर-एएलटीएस) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करेगा।

यह प्रशिक्षण अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन्स द्वारा प्रमाणित एटीएलएस इंडिया के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य चिकित्सकों को गंभीर रूप से घायल मरीजों के त्वरित, वैज्ञानिक और मानकीकृत उपचार की आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित करना है।

यह प्रशिक्षण विशेष रूप से उन डॉक्टरों के लिए उपयोगी होगा, जो सड़क दुर्घटनाओं, औद्योगिक हादसों, ऊंचाई से गिरने और अन्य गंभीर चोटों के शिकार मरीजों का उपचार करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों को कम समय में मरीज की स्थिति का सही आकलन करने, उपचार की प्राथमिकताएं तय करने तथा जीवन रक्षक प्रक्रियाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लागू करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एम्स का मानना है कि आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर और सही उपचार मिलने से मरीज की जान बचाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ऐसे में प्रशिक्षित चिकित्सक न केवल मृत्यु दर कम करने में मदद करेंगे, बल्कि मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना भी बढ़ेगी।

यह प्रशिक्षण अस्पतालों में ट्रॉमा केयर की गुणवत्ता सुधारने और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को अधिक सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

एम्स लगातार चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित यह एएलटीएस पाठ्यक्रम चिकित्सकों के कौशल को और अधिक सशक्त करेगा तथा प्रदेश और देश के नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे भविष्य में गंभीर दुर्घटना पीड़ितों को समय पर प्रभावी उपचार मिलने की व्यवस्था और मजबूत होगी।

इंदौर में आरटीओ का बड़ा एक्शन, नियम तोड़ने पर 5 यात्री बसें जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) इंदौर ने रविवार को विशेष जांच अभियान चलाया। आरटीओ और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता की संयुक्त कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करने वाली पांच यात्री बसों को जब्त किया गया। तीन इमली चौराहे पर चलाए गए अभियान के दौरान यात्री बसों सहित अन्य व्यावसायिक वाहनों की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, रजिस्ट्रेशन समेत सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। साथ ही यह भी देखा गया कि वाहन निर्धारित नियमों और परमिट की शर्तों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं। परिवहन विभाग ने बताया कि आगामी दिनों में स्कूल और कॉलेजों में संचालित बसों की भी आकस्मिक जांच की जाएगी।

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में लिटिल रीडर्स क्लब की प्रथम बैठक आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी के प्रबंधक यतीश भटेले ने बताया कि क्लब में 14 जून 2026 को उद्घाटित लिटिल रीडर्स क्लब की प्रथम बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस कार्यक्रम में 45 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रबंधक यतीश भटेले ने बताया कि इस बैठक का मुख्य आकर्षण विश्वविख्यात बाल साहित्यकार रोआल्ड डाहल की प्रसिद्ध पुस्तक दा बीएफजी(द बिग फ्रेंडली जायंट) पर आधारित पुस्तक चर्चा रही। बच्चों ने पुस्तक के कथानक, प्रमुख पात्रों, कल्पनाशीलता, हास्य तथा कहानी में निहित मानवीय मूल्यों पर अपने विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने पुस्तक के विभिन्न प्रसंगों पर रोचक चर्चा करते हुए अपनी कल्पना शक्ति

और पठन-अनुभव को अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के संचालक तुलिका एवं अनिर्बन ने बच्चों को नियमित पठन की आदत विकसित करने, साहित्य के माध्यम से रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने तथा पुस्तक चर्चा जैसी गतिविधियों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी आगामी बैठकों में विभिन्न पुस्तकों पर चर्चा करने तथा नई-नई पुस्तकों को पढ़ने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। लिटिल रीडर्स क्लब का उद्देश्य बच्चों में पठन संस्कृति का विकास करना, साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा संवाद, अभिव्यक्ति और आलोचनात्मक चिंतन जैसी क्षमताओं का विकास करना है। पुस्तकालय द्वारा भविष्य में हर 15 दिन के अंतराल में इस प्रकार की नियमित साहित्यिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा। स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी के प्रबंधक यतीश भटेले ने बताया कि इस क्लब को बनाने का मकसद है कि बच्चों को मोबाइल स्क्रीन से हटाकर बुक्स रीडिंग हेबिट्स को विकसित करने के लिए लिटिल रीडर्स क्लब' की शुरुआत की है हर 15 दिनों में इस क्लब से जुड़ी गतिविधि होगी।

साइक्लिस्ट्स को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा सीखकर बढ़ा आत्मविश्वास

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सड़क दुर्घटनाओं और चिकित्सा आपात स्थितियों में समय पर सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं भोपाल बाइसीकल राइडर्स ग्रुप (बीबीआरजी) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को साइक्लिस्ट्स के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और प्राथमिक चिकित्सा पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भोपाल के 50 से अधिक साइक्लिस्ट्स ने भाग लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल टीम ने हृदय गति रुकने, बेहोशी, चोट तथा अन्य आपात स्थितियों में तुरंत सहायता देने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन

किया और प्रतिभागियों को सीपीआर का अभ्यास भी कराया।

मध्य प्रदेश के स्टेट साइक्लिंग लीडर अमित दास ने कहा कि प्रत्येक साइक्लिस्ट को मूल जीवन रक्षक सहायता और प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सके।

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

बीबीआरजी ने भविष्य में भी सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े ऐसे जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

सिंधिया ने गुना को दी तीन सड़क परियोजनाओं की सौगात, किया लोकार्पण

नप्र, भोपालः केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्षेत्रवासियों को 11.64 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित तीन सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने बूढ़े बालाजी से हनुमान टेकरी पहुंच मार्ग (व्हाइट टॉपिंग) 1.88 किलोमीटर (लागत 3.87 करोड़ रुपये), ग्राम बरखेड़ाहाट विद्युत फीडर से दुरदुरू तक 4.30 किलोमीटर लंबे मार्ग (लागत 5.52 करोड़ रुपये) तथा महूगढ़ा फाटक से बमौरी बुजुर्ग तक 2.20 किलोमीटर लंबे मार्ग (लागत 2.25 करोड़ रुपये) का लोकार्पण किया। इन तीनों कार्यों पर कुल 11.64 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई। इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों को स्कूल एवं महाविद्यालय तक पहुंचने में आसानी होगी, किसानों को अपनी कृषि उपज मंडियों तक कम समय में पहुंचाने का लाभ मिलेगा तथा आसपास के गांवों के नागरिकों की जिला एवं तहसील मुख्यालय, अस्पतालों एवं शासकीय कार्यालयों तक पहुंच और अधिक सुगम होगी।

भोपाल, इटारसी और बीना को मिली कानपुर-मदुरै स्पेशल ट्रेन की सौगात

नई दुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यात्रियों की सुविधा एवं यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा कानपुर सेंट्रल एवं मदुरै के मध्य विशेष रेलगाड़ी संख्या 01925/01926 का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष रेलसेवा के संचालन से उत्तर भारत के ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर कानपुर तथा दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर नगरी मदुरै के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। साथ ही पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के बीना, भोपाल एवं इटारसी स्टेशनों के यात्रियों को भी इस विशेष रेलगाड़ी का लाभ मिलेगा।

गाड़ी संख्या 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरै विशेष गाड़ी- यह गाड़ी प्रत्येक बुधवार को 01 जुलाई 2026 से 29 जुलाई 2026 तक कुल 05 फेरों के लिए कानपुर सेंट्रल से प्रातः 08:10 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी बीना (15:40 बजे), भोपाल (17:20 बजे) एवं इटारसी (19:25 बजे) ठहराव लेते हुए मदुरै पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01926 मदुरै-कानपुर सेंट्रल विशेष गाड़ी- यह गाड़ी प्रत्येक शनिवार को 04 जुलाई 2026 से 01 अगस्त 2026 तक कुल 05 फेरों के लिए मदुरै से प्रस्थान करेगी।

वापसी दिशा में यह गाड़ी इटारसी (15:05 बजे), भोपाल (17:05 बजे), बीना (20:25 बजे) एवं ललितपुर (21:13 बजे) ठहराव लेते हुए कानपुर सेंट्रल पहुँचेगी।

ठहराव स्टेशन- पोखरायन, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, चंद्रपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेणिगुंटा, कटपडी, जोलारपेट्टई, सेलम, नमक्कल, करूर, डिंडीगुल ।

गाड़ी की संरचना- इस विशेष गाड़ी में कुल 22 कोच रहेंगे, जिनमें— एसएलआरडी - 01, एसएलआर - 01, सामान्य श्रेणी - 04, शयनयान (स्लीपर) - 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 07, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 01 शामिल होंगें।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व ट्रेन की समय-सारणी एवं आरक्षण स्थिति की जानकारी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट, रेल मदद अथवा एनटीईएस के माध्यम से प्राप्त कर लें।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पूर्व मेरा नाम MARIYA TABASSUM ABDUL QUADER D/o ABDUL QUADER MOHAMMED HAROON था। शादी के बाद मेरा नाम MARIYA TABASSUM W/o MOHAMMAD ANSAR हो गया है। मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

भवदीय- MARIYA TABASSUM
W/o MOHAMMAD ANSAR
WARD NO. 19 KASTURBA NAGAR
NEAR GURUNANAK SCHOOL
ITARSI - 461111

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD AHMAD S/o SHAKIR HUSSAIN अंकित हो गया है। मेरा सही नाम MOHAMMAD AHMAD KHATRI S/o SHAKIR HUSSAIN है। मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

भवदीय- MOHAMMAD AHMAD KHATRI S/o SHAKIR HUSSAIN
WARD NO. - 26 PUNJABI MOHALLA NEAR GURUNANAK SCHOOL ITARSI- 461111

सूडोकु नवताल- 7825

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7824 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7498



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7497 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8895



बाएँ से दाएँ

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन, संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय, फतह-2
10. आम जनता, लोग-2
11. लाभ, कुल योग-2
13. निर्माण, कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट, विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह, अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध, रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

ऊपर से नीचे

2. भिड़ंत, मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी, गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी, आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण, स्त्रीय-3
12. वृतांत, घटना-3
16. हल, निष्कर्ष-4
17. राशन, धोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट, अवरोध-3

शब्द पहेली -8894 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7337



ऊपर से नीचे:-

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धमेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7336

ध	ड़	क	न		को		सें	स	र
मी		र्ज		मो	ह	ग		द	
	कं		आ		ग	ज	कु	मा	र
अ	प	ना	प	न			ली		न
	नी		की		ओ	म		हि	
चे		ता	क	त		म	हा	ग	जा
त	ब्बू		स		दा	ता		स	
ना		प्रे	म	रे	ग		सौ	त	न
	द	म		श		स	दा		ग
म	र्द		जा	न	व	र		हे	मा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7431

	6	5	4	3		1
2	39		29		26	
		7	1	2		4
4	30		25		34	
	2	3		5	6	
6	30		39		35	3
	5		6	7		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7430 का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	35	1	26	6	28	6
7	6	5	4	3	2	1
4	32	4	32	4	32	4
1	2	3	4	5	6	7
6	35	7	35	7	38	2
3	7	6	1	2	4	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8451

त	स	आ	त्म	ली	न	षा	गु	बा	प	दे
क	अ	अ	त्म	त	अ	ला	र	न	द	जू
आ	स	आ	क	प्र	न	भि	द	नं	जू	व
जी	अ	चा	आ	र	ति	गु	आ	प	दे	न
व	अ	र्य	त	अ	ला	ष्ठा	न	श	म	क
न	आ	चा	र	वा	न	द	शा	च	व	त
वा	अ	सौ	र	जा	ला	गु	आ	प	दे	आ
ह	आ	मो	व	आ	वा	द	ह	यु	व	ग
क	जा	ह	व	प	गो	द	व	प	र	र
र	दी	ब्ब	फा	प	स	श	ह	वि	बा	क
स	बा	तें	व	न	ज	द	आ	गा	ह	र

शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

शब्दजाल - 8450 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore